


# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 30 जुलाई 2026



14 गुरु पूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ में आस्था का...



13 स्व. दाऊ प्यारेलाल बेलचंदन की 99वीं जयंती...






# दो बार भूमिपूजन के बाद भी नहीं बनी सीसी रोड, ग्रामीणों ने सड़क पर धान रोपकर किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

■ 16 .15 लाख की स्वीकृति के बावजूद निर्माण शुरू नहीं

आदिवासी विकासखंड डौंडी के ग्राम भैंसबोड में स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्य दो बार भूमिपूजन होने के बाद भी शुरू नहीं होने से ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। बारिश में सड़क दलदल में तब्दील होने पर ग्रामीणों ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाते हुए सड़क पर ट्रैक्टर से जुताई कर धान की रोपाई की और शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए शीघ्र सीसी रोड निर्माण की मांग की। जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी बालोद द्वारा ग्राम भैंसबोड के राम मंदिर से मंडई चौक तक सीसी रोड निर्माण के लिए 16.15 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी।

वर्ष 2025 में कार्यादेश जारी कर तीन माह के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। बारिश की पहली ही फुहार में सड़क दलदल में बदल गई। इसी मार्ग से ▶▶| शेष पेज 12 पर

## बारिश में दलदल बनी सड़क से बच्चों व ग्रामीणों को हो रही भारी परेशानी

### निर्माण एजेंसी को दो नोटिस

विरोध प्रदर्शन में घासीराम, माणिकराम, मनीष नेताम, अजीतराम, यश कोर्राम, बालाराम नेताम, युवराज भारद्वाज, विष्णु यादव, होरी निषाद, महेश विश्वकर्मा, प्रीतम भुवार्य, मांगना बाई सलाम, सरस्वती बाई, सुशीला बाई सलाम, रत्ना विश्वकर्मा, कलिंद्रीबाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष शामिल रहे।

**सरपंच ने जताई अनभिज्ञता:** ग्राम पंचायत भैंसबोड के सरपंच चित्रकांत ठाकुर ने सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति की जानकारी से अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि ग्राम पंचायत को इस संबंध में कोई सूचना नहीं है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि भूमिपूजन सरपंच की मौजूदगी में ही हुआ था और उनसे कई बार निर्माण कार्य शुरू कराने का अनुरोध भी किया गया है।



# मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, पिता-पुत्र हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



देवरी थाना क्षेत्र के ग्राम खैरा निवासी हितेश सिन्हा पिता स्व. प्यारेलाल सिन्हा की मारपीट के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम की बताई जा रही है जानकारी के अनुसार, पिता-पुत्र हीरामन सिन्हा व कामेश सिन्हा ने मिलकर हितेश सिन्हा पर रॉड, डंडे सहित अन्य वस्तुओं से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

मारपीट में गंभीर रूप से घायल हितेश को तत्काल देवरी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इसके बाद बेहतर उपचार के लिए हितेश को रायपुर स्थित एम्स में भर्ती कराया गया था। बताया जा रहा है कि उपचार के दौरान बुधवार तड़के हितेश सिन्हा की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद देवरी पुलिस मामले की जांच में जुट गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### लिम्हाटोला में बिजली गिरने से 8 बैलों की मौत

**डोंडी।** विकासखंड डोंडी की ग्राम पंचायत आवारी के आश्रित ग्राम लिम्हाटोला में बुधवार को आकाशीय बिजली गिरने से आठ बैलों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है, वहीं प्रभावित पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही थी। इसी दौरान करीब आठ बैल एक बड़े पेड़ के नीचे खड़े थे। अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली पेड़ पर गिरी, जिसकी चपेट में आने से सभी बैलों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। एक साथ आठ बैलों की मौत से गांव में शोक और चिंता का माहौल ▶▶| शेष पेज 12 पर



## दिनभर बारिश से जनजीवन प्रभावित, खेत-खलिहान लबालब, जलभराव से लोगों की बढ़ी परेशानी

# झमाझम बारिश से नदी-नाले उफान पर, कई गांवों का संपर्क टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जिले में बुधवार को दिनभर झमाझम बारिश देखने को मिला जहां बारिश के बीच नदी, नाले उफान पर आ गए तो खेत, खलिहान पानी से लबालब हो गए। जिले में बुधवार सुबह से ही तेज बारिश देखने को मिली जिसके कारण जन जीवन दिन भर अस्त व्यस्त नजर आया। जहां लोग बारिश के कारण घर से निकलने को भी कतराते रहे तथा जो अपने रोजी मजूदरी व ऑफिस काम में जाने के लिए निकले वे रेनकोट, छाता का सहारा लेकर ही घर से निकलते दिखे। जहां नारागांव स्थित प्रसिद्व मंदिर के पास से गुजरे नाला में नाला उफान में आ गया।

जहां दिनभर हुई बारिश के कारण जिले के कई नदी नाले जिनमे कल तक सामान्य स्तर तक पानी बना हुआ था वे उफान पर चलने लगे जिसके कारण कई गांवो का संपर्क ही टूट गया। जहां कई गांवो में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई तथा कई गांव में पानी गांव की गलियो में भर गया जिसके कारण कई घरो में गलियो का पानी घुसने की स्थिति भी देखने को मिली। वही तेज बारिश के बाद अब नदी नाले उफान पर है। जिसके कारण स्थानीय स्तर पर कई जगहो में नदी नाले पार करने से लोगो को स्थानीय ग्रामीण राहगिरो को सचेत करते दिखे जिससे की घटना दुर्घटना को रोका जा सके तथा आवागमन के समय सावधानी बरतने की अपील भी की जा रही है।

### पुलों पर 4 फीट तक पानी, आवागमन ठप



**गुरुर।** ब्लॉक मुख्यालय में बुधवार को हुई बारिश से खेत खलिहान टापू बन गए तो वही नदी नाले उफान पर आ गए, जिसके चलते आम लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। आपको बता दें कि बुधवार को हुई बारिश से देवरानी जेठानी नाला दर्रा एवं अकलवारा नाला उफान पर आ गया, जिससे कि ग्रामीण पूरे दिन घर में रहकर ही समय व्यतीत किये, दर्रा एवं अकलवारा के पल के ऊपर तीन से चार फीट पानी आ जाने से पूरी तरह बाधित रहा।







## खबर संक्षेप



### सरपंच ने शिक्षकों को पौधे वितरित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अण्डा।** ग्राम पंचायत सिरसिदा में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय विद्यालय में पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच सरस्वती इन्द्रजीत चंद्राकर द्वारा विद्यालय के शिक्षकों को पौधे वितरित किए गए। सरपंच सरस्वती इन्द्रजीत चंद्राकर ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से बचाव के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे पौधों का नियमित संरक्षण करें और विद्यार्थियों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करें। विद्यालय के शिक्षकों ने सरपंच का आभार व्यक्त करते हुए पौधों की देखभाल करने तथा विद्यालय परिसर और आसपास हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया।

### हथौद पहुंचे खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडेय



**बालोद।** ग्राम पंचायत हथौद में खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के अध्यक्ष एवं गुंडरदेही विधानसभा प्रभारी राकेश पांडेय का आगमन हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत हथौद की सरपंच पुष्पलता बघेल सहित ग्राम के प्रमुख गणमान्य नागरिक, पंचगण, क्रिकेट टीम के सभी खिलाडी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने राकेश पाडेय का आत्मीय स्वागत किया। भेंट के दौरान राकेश पांडेय ने दक्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर ग्रामीणों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। विशेष रूप से महिलाओं के रोजगारोन्मुखी विकास एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने को लेकर विचार–विमर्श किया गया। राकेश पांडेय ने दक्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रें में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ ही महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने जल्द ही पन क्षेत्र में आने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सरपंच पुष्पलता बघेल, सरपंच साथी रूपेश सिन्हा, हरेश कौशिक, गोनेस कोसने एवं कौशलैश देवांगन सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक, पचगण एवं किकेट टीम के खिलाडी पनख रूप से उपस्थित थे।

### भाजयुमो ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र के मंगचुवा थाना अंतर्गत बढ़ते ऑनलाइन सट्टा, जुआ, अवैध शराब, नशीले पदार्थों के कारोबार एवं चाकूबाजी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल रेंगाडबरी के अध्यक्ष प्रीतम कुमार देशमुख के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को थाना प्रभारी मंगचुवा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि थाना क्षेत्र में पिछले कुछ समय से ऑनलाइन सट्टा एवं जुए का अवैध कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। मोबाइल ऐप, टेलीग्राम, व्हाट्सएप तथा विभिन्न ऑनलाइन बेटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से युवाओं को इस अवैध नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है, जिससे बड़ी संख्या में युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं। भाजयुमो ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री, नशीली गोलियां, सिंथेटिक ड्रग्स, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों का अवैध कारोबार भी बढ़ता जा रहा है। इन गतिविधियों के कारण युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है तथा परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

### एक पेड़ महतारी के नाम' अभियान के तहत सुबह 11 बजे जिलेभर में होगा महाअभियान

# जिले में आज 2.45 लाख महिलाएं एक साथ करेंगी पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के दिशा–निर्देशन में गुरुवार 30 जुलाई 2026 को बालोद जिले के गौरवशाली इतिहास की श्रृंखला में पौधारोपण महाअभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है।

■ पौधारोपण करने वालों को मिलेगा फोटोयुक्त प्रमाण–पत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जल शक्ति अभियान 'कैच द रैन' के तहत आयोजित होने वाले इस वृहद पौधारोपणमहाअभियान में सभी वर्गों के नागरिकों के साथ–साथ महतारी वंदन योजना से लाभान्वित 02 लाख 45 हजार हितग्राही महिलाएं भी कर हिस्सा लेकर जिलेभर में एक साथ बड़े पैमाने पर पौधे रोपे जाएंगे। इसके अलावा बालोद जिला प्रशासन की अपील पर 30 जुलाई को जिले के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, समाज सेवीयों, अधिकारी–कर्मचारियों, छात्र–छात्रओं सहित समाज के सभी वर्गों के द्वारा सुबह 11 बजे एक साथ पौधरोपण कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के पुनीत कार्य में अपने बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करेंगे। बालोद जिला प्रशासन की अपील पर आयोजित इस







वृहद पौधारोपणमहाअभियान को लेकर जिले के नागरिकों, महिलाओं, युवाओं और विद्यार्थियों में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। इस महती अभियान को पूरी तरह सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन, वन विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिसके अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा जिले के ग्राम पंचायत मुख्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से महतारी वंदन योजना के लाभान्वित हितग्राहियों एवं नागरिकों को निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिससे वे अपने घरों, बाड़ियों, खेतों, शासकीय भूमि और पंचायत भवनों के पास 'एक पेड़ महतारी (मां) के नाम' या अपने बच्चों के सुरक्षित भविष्य के नाम पर अनिवार्य रूप से पौधे लगा सकें।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय बालोद के महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों एवं अन्य लोगों के पास 30 जुलाई को पौधरोपण करने हेतु उनके घरों में स्थान नही होने पर उनके लिए पर्यावरण पार्क बालोद में पौधरोपण करने हेतु जगह निर्धारित की गई है। महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों एवं पौधारोपणएवं पौधरोपण के इच्छुक अन्य सभी लोग 30 जुलाई को पर्यावरण पार्क बालोद में पहुंचकर सुबह 11 बजे पौधरोपण कर सकते हैं। इसके साथ ही बालोद जिला प्रशासन द्वारा गुरूवार 30 जुलाई को महतारी वंदन पौधारोपणअभियान के अवसर पर पौधरोपण के इस महाअभियान को चिरस्मरणीय बनाए रखने हेतु इस अवसर पर पौधरोपण करने वाले लोगों को फोटोयुक्त प्रमाण पत्र प्रदान करने की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अंतर्गत गुरूवार 30 जुलाई को वृहद पौधारोपणअभियान के दौरान पौधरोपण करने के पश्चात रोपे गए पौधे के साथ फोटो या सेल्फी लेकर लिंक पर अपलोड करने पर जिला प्रशासन द्वारा उन्हें फोटोयुक्त प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। जिससे कि पर्यावरण के सरंक्षण एवं संवर्धन हेतु जिले में शुरू किए गए इस महाअभियान में उनका योगदान चिरस्मरणीय बना रहे। नागरिक पौधरोपण के पश्चात अपनी फोटो या सेल्फी निर्धारित पोर्टल पर अपलोड कर पर्यावरण संरक्षण में अपने योगदान का डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रशासन के इस अनूठे और व्यापक प्रयासों से संपूर्ण जिले में हरियाली बढ़ाने का एक अनूठा वातावरण तैयार हो रहा है, जो आने वाली पीढ़ी के लिए एक बड़ी मिसाल बनेगा।

## मधुर साहित्य परिषद् का रजत जयंती समारोह संपन्न, 'अनहद-2026' का हुआ विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मधुर साहित्य परिषद् का 25वां स्थापना दिवस व रजत जयंती समारोह कोहंगाटोला में संपन्न हुआ। जिसमे साझा संकलन अनहद 2026 का भव्य विमोचन हुआ, साहित्य, संगीत एवं पत्रकारिता जगत की उकृष्ट हस्तियों का सम्मान हुआ। छत्तीसगढ़ी लोककला व संगीत का साहित्य पर प्रभाव विषय पर गंभीर विचार–गोष्ठी हुई।

मधुर साहित्य परिषद् जिला बालोद का 25वां स्थापना दिवस, रजत जयंती वर्ष, पुस्तक विमोचन, साहित्यकार सम्मान समारोह एवं छत्तीसगढ़ स्तरीय कवि सम्मेलन रविवार, 26 जुलाई को सांस्कृतिक कला मंच, ग्राम कोहंगाटोला में अत्यंत उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

प्रथम सत्र में मां सरस्वती पूजन, अध्यक्ष द्वारा पच्चीस वर्षीय साहित्यिक उड़ान का वर्णन, प्रतिभा सम्मान एवं अतिथियों का संबोधन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर पूजा–अर्चना के साथ हुआ। प्रथम सत्र की मुख्य अतिथि अध्यक्ष, अखिल भारतीय आदिवासी सैनिक संस्था, नई दिल्ली व कंगला मांझी धाम बघमार राजमाता फुलवा देवी कांगे थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशी राम वर्मा भिलाई ने की। अतिथियों में डॉ. महेन्द्र ठाकुर वरिष्ठ साहित्यकार एवं रिटायर्ड कमिश्नर सेल टेक्स रायपुर, जिला समन्वयक, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग राजनांदगाँव आत्माराम कोशा अमात्य, जिला समन्वयक, खैरागढ़ डॉ. सियाराम साहू एवं सरपंच, ग्राम पंचायत कोहंगाटोला देवकी ठाकुर मंच पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। परिषद के अध्यक्ष डॉ. अशोक आकाश ने मधुर साहित्य परिषद् की 25 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा का विस्तृत खाका खींचा। उन्होंने परिषद् की स्थापना, लोक साहित्य के संरक्षण हेतु किए गए प्रय ढाई दशकों के अपने दीर्घतम अनुभवों को साझा करते हुए भावुक एवं प्रेरणादायी उद्बोधन देते साहित्य के



■ साहित्य, संगीत और पत्रकारिता की विभूतियों का सम्मान, छत्तीसगढ़ी लोककला और साहित्य पर हुई विचार–गोष्ठी

माध्यम से समाज में लाये गये बदलाव का वर्णन किया। समारोह में मधुर साहित्य परिषद् जिला बालोद की वार्षिक पत्रिका अनहद का विमोचन किया गया। विशिष्ट प्रतिभाओं का सम्मान के तहत साहित्य, संगीत और पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली उत्कृष्ट हस्तियों को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इनमें छत्तीसगढ़ी फिल्म गीतकार विष्णु कोठारी मीत, जिला समन्वयक भाठापारा छंद–विद् अजय अमृतांशु, अध्यक्ष, कृति कला एवं साहित्य परिषद् सीपत, बिलासपुर शरद यादव अक्स, अध्यक्ष साकेत साहित्य परिषद, सुरगी जिला राजनांदगांव ओमप्रकाश साहू अंकुर, वरिष्ठ कवयित्री डॉ. माधवी गणवीर एवं कामता प्रसाद देशलहरे का सम्मान किया गया।

समारोह के अंतर्गत आयोजित विचार–गोष्ठी में वक्ता डॉ. सियाराम साहू एवं आत्माराम कोशा अमात्य ने विषय "छत्तीसगढ़ी लोकगीत एवं संगीत का छत्तीसगढ़ी साहित्य पर प्रभाव" पर अपना सारगर्भित विचार रखा। लोकगायिका रानू निषाद द्वारा विश्व विख्यात लोकनेत्री स्व. तीजन बाई को पंडवानी गायन के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रथम सत्र संचालन महासचिव, मधुर साहित्य परिषद् जिला बालोद देव जोशी गुलाब ने किया। द्वितीय सत्र में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता संस्था प्रमुख डॉ. अशोक आकाश ने की। मुख्य अतिथि इकबाल खान तन्हा रहे।

## नाबालिग वाहन चालकों पर बालोद पुलिस की सख्ती, 11 अभिभावकों पर 22 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद पुलिस द्वारा नाबालिक वाहन चालकों में समझाईश हेतु जिले के विभिन्न स्कूलों मेंयातायात जागरूकता कार्यक्रम चलाएं गए। स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों को साइबर जागरूकता, यातायात सड़क सुरक्षा, नवीन कानून एवं नशा के दुष्परिणाम के संबंध में जानकारी दी गयी। जागरूकता अभियान के साथ–साथ 11 स्कूली बच्चों के अभिभावकों पर 22000 रू. की चालानी कार्यवाही की गयी।

जिला बालोद के विभिन्न थाना क्षेत्रंतर्गत थाना प्रभारीयों यातायात प्रभारी बालोद रविशंकर पाण्डेय, थाना प्रभारी बालोद शिशुपाल सिन्हा, थाना प्रभारी राजहरा निरीक्षक अविनाश सिंह, थाना प्रभारी सनौद नरेश देशमुख, थाना प्रभारी गुण्डरदेही नवीन बोरकर, थाना प्रभारी रनचिरई दिनेश कुर्रे, थाना प्रभारी मंगचुवा उत्तम गावड़े, थाना प्रभारी सुरेगांव सोनसिंह सोरी, थाना प्रभारी अर्जुन्दा एवं डौण्डी के द्वारा भिन्न–भिन्न स्कूलों में जाकर यातायात जागरूकता के संबंध में विशेषकर नाबालिक वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

जागरूकता कार्यक्रम में महावीर इंग्लिश मीडियम स्कूल बालोद, संस्कार शाला बालोद, आत्मानंद स्कूल अर्जुन्दा, सनौद, गुण्डरदेही, शा.उच्च.मा.विद्या. भर्रीटोला, डौण्डी, शास.महा.विद्या. अर्जुन्दा, शा. हायर सेकेण्डरी स्कूल भंवरमरा, शास.स्कूल राजहरा, शास. उच्चतर माध्य. विद्यालय भीमकन्हार, आत्मानंद स्कूल डौण्डीलोहारा में विद्यार्थियों को यातायात जागरूकता अभियान के तहत सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दिया गया, जिसमें विशेष तौर पर नाबालिक वाहन चालक 18 साल से कम द्वारा वाहन चलाना कानूनन अपराध है, जिसके लिए अभिभावकों को 25,000 तक का जुर्माना अथवा 3 साल तक की सजा एवं 25 वर्ष की आयु





तक बच्चे का ड्राइविंग लाइसेंस नहीं मिलने का प्रावधानो के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को यातायात जागरूकता नाबालिक चालको को वाहन ना चलाने के संबंध में सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई, जिसमें उन्होंने सदैव यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित वाहन चलाने एवं दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। छात्र/छात्राओं को समझाईश दिया गया 18 साल से पहले बिना लाइसेंस के वाहन ना चलाने और घर में परिजनों को हमेशा संयमित गति से वाहन चलाने ,शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करें, वैध ड्राइविंग लाइसेंस बनवाएं तथा सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने हेतु प्रेरित किया गया एवं सड़क सुरक्षा संबंधी पाम्पलेट वितरित किया गया है।

जागरूकता अभियान के साथ–साथ शाम के समय जयस्तंभ चौक बालोद और डोंडी लोहारा में 11 नाबालिक वाहन चालकों के अभिभावकों पर 22000 रू. की चालानी कार्यवाही भी की गयी हैं, साथ ही बच्चों के अभिभावकों को बुलाकर समझाईश दिया गया कि भविष्य में नाबालिक बच्चों को वाहन न दें जब तक कि उनकी उम्र 18 साल से अधिक एवं वैध लाइसेंस प्रमाण पत्र न हो जाए। सभी थाना प्रभारीयों एवं साइबर सेल प्रभारी धरम भूआर्य द्वारा बच्चों को बढ़ते साइबर अपराधों से सावधान करते हुए अनजान कॉल, वीडियो कॉल से दूरी बनाने, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने, ओएलएक्स ठगी, इनाम, लालच आधारित धोखाधड़ी एवं अन्य ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के उपाय बताए गए तथा किसी भी साइबर फ्रॉड की स्थिति में तत्काल टोल फ्री नंबर 1930 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई। स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों को नवीन कानूनों, सामाजिक जिम्मेदारी एवं सुरक्षित जीवनशैली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों को समझाया कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन, कानून का पालन एवं नशे से दूरी अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने बच्चों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए इससे दूर रहने, अच्छे संस्कार अपनाने, किसी भी प्रकार के अपराध या गलत संगत से बचने तथा अपने परिवार, समाज एवं देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की जानकारी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 112 को कॉल करें तथा पुलिस को सूचित करें, जिससे समय पर सहायता प्रदान की जा सके।

### आज 'महतारी वंदन पौधारोपण अभियान'

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देशन में बालोद जिले में आगामी 30 जुलाई को वृहद महाअभियान का आयोजन किया जा रहा है। 'महतारी वंदन पौधारोपण अभियान' के तहत जिले की महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाएं एक ही समय में एक साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश देंगी। इस भव्य आयोजन को पूरी तरह सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की लगभग 90 हजार दीदियां सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर रही हैं। बिहान समूह की ये महिलाएं न केवल स्वयं पौधारोपण करेंगी, बल्कि अन्य लाभान्वित महिलाओं को भी इस महाअभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित और जागरूक कर रही हैं। इस अभियान की मुख्य विशेषताओं के अंतर्गत एक समय और एक लक्ष्य तय किया गया है, जिसके तहत जिले की सभी हितग्राही महिलाएं एक निर्धारित समय पर अपने–अपने क्षेत्रें में पौधारोपण करेंगी। इसमें विशाल जनभागीदारी देखने को मिलेगी जहाँ बिहान की 90 हजार महिला सदस्यों के नेतृत्व में हजारों हितग्राही इस अभियान का हिस्सा बनेंगी। इस दौरान केवल पौधारोपण ही नहीं किया जाएगा, बल्कि लगाए गए पौधों की सुरक्षा और देखभाल का संकल्प भी लिया जाएगा।

■ 90 हजार बिहान दीदियां करेंगी एक साथ पौधारोपण

### कंगना रनौत की कथित टिप्पणी के विरोध में बालोद में महिला कांग्रेस का प्रदर्शन



**बालोद।** सांसद कंगना रनौत द्वारा की गई कथित टिप्पणी को लेकर प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक संगीता सिन्हा के नेतृत्व में जय स्तंभ चौक, बालोद में महिला कांग्रेस एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुसलाधार बारिश के बीच विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं सांसद कंगना रनौत का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कंगना रनौत की टिप्पणी से जनभावनाएं आहत हुई हैं और यह लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था लगातार संकट में है, छात्रें के हितों की अनदेखी की जा रही है तथा छात्र आंदोलनों पर दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि देश के युवाओं और छात्रें के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने केंद्र सरकार से छात्रें के मुद्दों पर गंभीरता से निर्णय लेने तथा जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम में दीप्ति शर्मा, धनेश्वरी सिन्हा, शारदा सिन्हा, पूनम साहू गायत्री साहू, आफिया खान, हर्ष साहू, चमेली साहू, तुलेश्वरी निषाद, लक्ष्मी साहू, श्यामा साहू, अमृता नेताम, रीता सोनी, हेमा, सरोज साहू, रमादेवी, रीना देशमुख सुचित्र साहू, सहित महिला कांग्रेस एवं कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## पेज 11 का शेष

### दो बार भूमिपूजन के बाद भी ...

आंगनबाड़ी जाने वाले छोटे बच्चों, स्कूल के छात्र-छात्राओं तथा ग्रामीणों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बच्चे कीचड़ में फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे वे आंगनबाड़ी और स्कूल तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। ग्रामीण महिलाएं, किसान और अन्य लोग भी तालाब तथा खेतों तक इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सीसी रोड निर्माण शुरू कराने की मांग को लेकर पहले भी कलेक्टर बालोद और ग्राम पंचायत से शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद नाराज ग्रामीणों ने दलदलयुक्त सड़क पर ट्रैक्टर से जुताई कर खेतों के लिए तैयार धान के थरहे लाकर रोपाई कर विरोध दर्ज कराया। **निर्माण में देरी पर कार्रवाई की मांग:** पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने कहा कि सीसी रोड की राशि स्वीकृत होने और दो बार भूमिपूजन होने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं होना विभागीय लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने शासन-प्रशासन से गुणवत्तापूर्ण निर्माण जल्द शुरू कराने तथा विलंब के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई की मांग की।

### लिम्हाटोला में बिजली ...

है। ग्रामीणों ने प्रशासन से घटना का शीघ्र सर्वे कर प्रभावित पशुपालकों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। घटना की सूचना संबंधित विभाग को दे दी गई है। प्रशासन द्वारा पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर आगे की प्रक्रिया की जा रही है।

### मारपीट में घायल युवक ...

हितेश पर हमला करने वाले आरोपी पिता-पुत्र को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की जांच पूरी करने के बाद जल्द ही घटना का विस्तृत खुलासा कर सकती है। फिलहाल घटना के पीछे का वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रारंभिक तौर पर आपसी रंजिश की बात सामने आ रही है, पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है तथा आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### व्यापारियों के लिए सुनहरा अवसर साबित हुआ सेमिनार : अमित कुकरेजा

# जीएसटी नियमों पर हुआ मंथन, विशेषज्ञों ने व्यापारियों को बताए नए कानून और कर अनुपालन के आसान उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

बदलते जीएसटी नियमों और कर कानूनों की जटिलताओं के बीच व्यापारियों को जागरूक एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से दल्लीराजहरा में एक भव्य जीएसटी सेमिनार का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, दल्लीराजहरा इकाई, अनाज किराना व्यापारी संघ एवं राजहरा व्यापारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में पूज्य सिंधु भवन में आयोजित इस सेमिनार में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लेकर विशेषज्ञों से सीधे संवाद किया तथा जीएसटी से जुड़े नवीनतम प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

सेमिनार में जीएसटी विभाग के प्रभात सोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में तरन्नुम अली ने सहभागिता निभाई, जबकि प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट चेतन तारवानी ने





मुख्य वक्ता के रूप में जीएसटी और आयकर कानूनों में हुए महत्वपूर्ण बदलावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विभागीय अधिकारी धनंजय तिवारी एवं कामेश्वर देव भी कार्यक्रम में मौजूद रहे और व्यापारियों के प्रश्नों का समाधान किया। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, दल्लीराजहरा इकाई के अध्यक्ष अमित कुकरेजा ने कहा कि वर्तमान समय में जीएसटी कानूनों में लगातार बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक व्यापारी के लिए नए प्रावधानों की सही और अद्यतन जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह सेमिनार केवल जानकारी देने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि व्यापारियों की व्यावहारिक समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच भी बना। व्यापारियों ने विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया, जिससे उनके भीतर कर नियमों के प्रति विश्वास और जागरूकता बढ़ी। अमित कुकरेजा ने कहा कि जानकारी के अभाव में कई व्यापारी अनजाने में ऐसी त्रुटियां कर बैठते हैं, जिनके कारण आर्थिक नुकसान, नोटिस और कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चैंबर का प्रयास है कि दल्लीराजहरा का प्रत्येक व्यापारी कर नियमों की पूरी जानकारी रखे और बिना किसी बाधा के अपने व्यापार का सफल संचालन कर सके।

**जीएसटी और आयकर के नए बदलावों पर विस्तृत जानकारी:** मुख्य वक्ता चेतन तारवानी ने कहा कि जीएसटी कानून लगातार अपडेट हो रहे हैं, इसलिए व्यापारियों को समय-समय पर नए नियमों की जानकारी लेते रहना चाहिए। उन्होंने जीएसटी अधिनियम की धारा 71, धारा 67, धारा 125 तथा ई-वे बिल से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही आयकर कानून में हुए नवीनतम बदलाव, करदाताओं के अधिकार, टैक्स के दायरे में आने वाले व्यापारियों की श्रेणियां तथा किन व्यापारियों के लिए ऑडिट अनिवार्य है, इन सभी विषयों पर सरल और व्यवहारिक तरीके से मार्गदर्शन दिया।

**जागरूकता से ही विवाद और नोटिस से बचाव संभव : प्रभात सोनी:** जीएसटी विभाग के प्रभात सोनी ने कहा कि विभाग का उद्देश्य व्यापारियों को दंडित करना नहीं, बल्कि उन्हें जागरूक बनाकर कर कानूनों के प्रति उत्तरदायी बनाना है। यदि व्यापारी समय पर सही जानकारी प्राप्त कर नियमों का पालन करें, तो अनावश्यक विवाद, नोटिस और कानूनी जटिलताओं से आसानी से बचा जा सकता है। उन्होंने व्यापारियों से नियमित रूप से रिटर्न दाखिल करने तथा सभी कर संबंधी औपचारिकताओं का समयबद्ध पालन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने व्यापारियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें व्यवहारिक सुझाव भी दिए। सेमिनार में मौजूद व्यापारियों ने इसे अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया तथा भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## खबर संक्षेप

### वृहद पौधारोपण महाअभियानः पर्यावरण पार्क में सुबह 10:30 बजे जुटेंगे अधिकारी-कर्मचारी

**बालोद।** वृहद पौधारोपण अभियान अंतर्गत 30 जुलाई को पर्यावरण पार्क बालोद में पौधरोपण किया जाएगा। जिसमें सभी विभाग प्रमुखों एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारियों को सुबह 10:30 बजे पौधरोपण हेतु उपस्थित होना अनिवार्य है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जल शक्ति अभियान 'कैच द रैन' के तहत आयोजित होने वाले इस वृहद वृक्षारोपण महाअभियान में सभी वर्गों के नागरिकों के साथ–साथ महतारी वंदन योजना से लाभान्वित 02 लाख 45 हजार हितग्राही महिलाओं के द्वारा जिलेभर में एक साथ बड़े पैमाने पर पौधे रोपे जाएंगे। इसी तारतम्य में 'वृहद वृक्षारोपण महाअभियान' को सफल बनाने और व्यापक स्तर पर सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी विभाग प्रमुख अपने अधीनस्थ समस्त कर्मचारियों के साथ पर्यावरण पार्क बालोद में सुबह 10.30 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होने को कहा गया है। सभी विभाग प्रमुख एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के इस महत्वपूर्ण महाअभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### बीएसपी में चोरी का असफल प्रयास, गिरफ्तार

**भिलाई।** बीएसपी के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के कोल सेक्शन में कर्मचारियों की सतर्कता से संयंत्र की संपत्ति की चोरी का प्रयास विफल हो गया। कर्मचारियों ने केबल चोरी कर रहे एक व्यक्ति को पकड़कर सीआईएसएफ के हवाले कर दिया। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग पहुंचे और कर्मचारियों को सम्मानित किया।

### निधन

#### तिलक राम सहारे



**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम संजारी निवासी शिक्षक तिलक राम सहारे 60 वर्ष का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में बुधवार को किया गया। वे वर्तमान में विकासखंड के बकलीटोला के शासकीय प्राथमिक शाला में प्रधानपाठक के पद पर कार्यरत थे।

## आयोजन : तिरगा में बेलचंदन की 99वीं जयंती पर भव्य समारोह

# स्व. दाऊ प्यारेलाल बेलचंदन की 99वीं जयंती पर याद किए गए शिक्षा और समाजसेवा के आदर्श

**किसानों, शिक्षा और ग्राम विकास में योगदान को किया गया नमन**







हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शिक्षा, समाज सेवा एवं ग्राम विकास के अग्रदूत स्व. दाऊ कुर्मी प्यारेलाल बेलचंदन की 99वीं जयंती एवं गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सेजेस स्व. दाऊ प्यारेलाल बेलचंदन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गांधीग्राम तिरगा में श्रद्धा, गरिमा और उत्साह के साथ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, समाजसेवियों, पालकों, विद्यार्थियों तथा आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

समारोह का शुभारंभ स्व. दाऊ प्यारेलाल बेलचंदन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत सदस्य दामिनी मुकेश साहू ने की। विशिष्ट अतिथियों में सेवा दल के जीवित एकमात्र सदस्य गुहाराम देशमुख, स्व. दाऊ प्यारेलाल बेलचंदन के सुपुत्र एवं किसान संगठन के पूर्व अध्यक्ष गोपेंद्र किशोर बेलचंदन, साहित्यकार एवं पूर्व शिक्षक विजय दिल्लीवार, पूर्व जनपद सदस्य मोहनलाल हरमुख, सरपंच घसियाराम देशमुख, बसंती निषाद तथा नेमीन खुटेल शामिल रहे। मुख्य अतिथि प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि स्व. दाऊ प्यारेलाल बेलचंदन का संपूर्ण जीवन शिक्षा, जनसेवा, पर्यावरण संरक्षण और ग्राम विकास को समर्पित रहा। उनके आदर्श आज भी समाज और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं तथा नई पीढ़ी को समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

स्व. बेलचंदन के सुपुत्र गोपेंद्र किशोर बेलचंदन ने कहा कि उनके पिता ने सदैव शिक्षा, ईमानदारी और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, संस्कार और मेहनत के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए विद्यालय में मध्यान्ह भोजन वितरण के लिए थालियों की व्यवस्था हेतु 25 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की।

साहित्यकार एवं पूर्व शिक्षक विजय दिल्लीवार ने स्व. दाऊ प्यारेलाल बेलचंदन के व्यक्तित्व, कृतित्व तथा समाज निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें शिक्षा और ग्रामीण विकास का सच्चा पुरोधा बताया।

### भूतपूर्व शिक्षकों का हुआ सम्मान

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालय परिवार ने भूतपूर्व शिक्षकों हीरालाल दिल्लीवार, अभयराम बेलचंदन, सुरेश ऋषि एवं विजय दिल्लीवार का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इसके साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का भी सम्मान किया गया।

### गांव के गौरवशाली इतिहास का भी हुआ स्मरण

समारोह में ग्राम तिरगा के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए बताया गया कि स्व. प्यारेलाल बेलचंदन के पिता दाऊ भंगीराम बेलचंदन के नेतृत्व में ग्रामीणों ने श्रमदान कर खरखरा नदी की धारा मोड़कर गांव को बाढ़ से बचाने का ऐतिहासिक कार्य किया था। वक्ताओं ने इसे सामूहिक जनभागीदारी और ग्राम विकास का अनुकरणीय उदाहरण बताया। कार्यक्रम में पालक समिति अध्यक्ष युवराज देशमुख, संकुल प्रभारी रघुनाथ देशमुख, पूर्व जनपद सदस्य मोहनलाल हरमुख, सरपंच घसियाराम देशमुख, बसंती निषाद, नेमीन खुटेल, सांसद प्रतिनिधि भूपेंद्र बेलचंदन, टीकू दिल्लीवार, ऐमन देशमुख, परसराम देशमुख, गैंदालाल देशमुख, बिसौव देशमुख, नंद कुमार देशमुख, विनय ठाकुर, सूरज देशमुख, वीरेंद्र निषाद, फिरोज बेलचंदन, दयाराम दिल्लीवार, महेश कुमार बेलचंदन, श्यामू देशमुख, मोहन देशमुख, देवीसिंह ठाकुर सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी, पालकगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मनरेगा से निर्मित तालाब का पार टूटा, कई किसानों की फसल तबाह



**डौंडीलोहारा।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम बगईकोन्हा में मनरेगा के तहत मछली पालन के उद्देश्य से निर्मित तालाब का नवनिर्मित पार बुधवार दोपहर अतिवृष्टि के कारण अत्यधिक जलभराव होने से टूट गया। तालाब का पानी और मलबा तेज़ी से नीचे स्थित कृषि भूमि में फैल गया, जिससे कई किसानों की खरीफ फसल को भारी नुकसान पहुंचा है।

घटना के बाद प्रभावित किसानों में चिंता और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार तालाब का पार टूटने से खेतों में भारी मात्रा में मलबा भर गया, जिससे धान की फसल दबकर नष्ट हो गईं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सबसे अधिक नुकसान किसान बिहारी लाल कोमरे के लगभग 5 एकड़ खेत को हुआ है। इसके अलावा यमुनाबाई, विपरीत, सहित कई अन्य किसानों की कृषि भूमि भी प्रभावित हुई है। नुकसान का वास्तविक आकलन प्रशासनिक सर्वे के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब पहाड़ी क्षेत्र से लगा हुआ है, जहां बारिश के दौरान बड़ी मात्रा में पानी की आवक होती है। लगातार हो रही बारिश के चलते तालाब में क्षमता से अधिक पानी भर गया, जिससे बांध दबाव नहीं झेल सका और टूट गया। किसानों का कहना है कि इस घटना से उनकी मेहनत पर पानी फिर गया है और आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। तालाब स्थल पर लगे सूचना पटल के अनुसार निर्माण कार्य फरवरी 2026 में प्रारंभ किया गया था, जबकि कार्य पूर्ण होने की तिथि अंकित नहीं है। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से तत्काल सर्वे कराकर फसल क्षति का आकलन करने, उचित मुआवजा प्रदान करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए तालाब की तकनीकी जांच एवं आवश्यक सुधार कार्य कराने की मांग की है।

**जिपं अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने माताओं-बहनों से कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की**

## महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाएं चलाएंगी जिलेभर में वृहद पौधारोपण अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पर्यावरण संरक्षण और जिले को हरा–भरा बनाने की दिशा में बालोद जिला प्रशासन द्वारा एक अनूठी एवं अभिनव पहल की जा रही है। जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से श्महतारी वंदन योजनाश की हितग्राही महिलाओं द्वारा संपूर्ण बालोद जिले में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को प्रकृति से जोड़ते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित पर्यावरण का निर्माण करना है। इस अवसर पर बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने संयुक्त रूप से समस्त जिलेवासियों, माताओं और बहनों से इस पौधारोपण महाअभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की विशेष अपील की है।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा हमारे शास्त्रें और सनातन परंपरा में कहा गया है एक पौधा लगाना दस पुत्रें को पालने के समान पुण्य कार्य है। महतारी वंदन योजना हमारी बहनों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना रही है, अब इसके माध्यम से हम प्रकृति को सहेजने का महान दायित्व भी उठाने जा रहे हैं। माँ ही जीवन को जन्म देती है और वृक्ष जीवन को पोषण देते हैं। पीपल, नीम, बरगद, तुलसी और आवंला जैसे पौधों में देवत्व का वास माना गया है। पीपल भगवान विष्णु का स्वरूप है, तो बरगद साक्षात त्रिदेवों का स्थान। आज जब पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन के संकट से जूझ रहा है, तब हमारी भारतीय पौराणिक मान्यताएं ही हमें सही राह दिखाती हैं। जब एक मां पौधा रोपती है, तो वह केवल मिट्टी में बीज नहीं बोती, बल्कि अपनी आने वाली पीढ़ी की सांसों को सुरक्षित करती है। मेरी बालोद की प्रत्येक महतारी वंदन योजना की हितग्राही बहन से करबद्ध प्रार्थना है कि आप सभी इस अभियान में अपनी–अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और कम से कम एक पौधा अपनी मां और अपनी संतान के नाम अवश्य लगाएं व उसकी देखभाल का संकल्प लें। पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने जिलेवासियों के नाम अपने संदेश में कहा कि प्राकृति केवल जल, जंगल और जमीन का योग नहीं है, यह हमारी जीवनदायिनी शक्ति है। हमारे प्राचीन वैदिक साहित्य में पृथ्वी को माता और स्वयं को उसका पुत्र माना गया है। जब प्रकृति संतुलित रहती है, तभी मानव जीवन समृद्ध और खुशहाल बनता है। आज जिला प्रशासन द्वारा महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के माध्यम से जो वृहद पौधारोपण का महाअभियान प्रारंभ किया जा रहा है, वह ऐतिहासिक है। पौराणिक काल से ही वृक्षों का पूजन हमारी संस्कृति का आधार रहा है। हमारे पूर्वजों ने वृक्षों को सहेजा, इसलिए आज हम इस सुंदर धरा पर सांस ले पा रहे हैं। लेकिन आधुनिकता की दौड़ में हमने प्रकृति के संतुलन को बिगाड़ दिया है। इस संतुलन को पुनः स्थापित करने का एक ही मार्ग है अधिक से अधिक पौधारोपण। यह पौधारोपण हमारी आने वाली पीढ़ी के प्रति हमारा नैतिक दायित्व और धर्म है। मैं जिले के प्रत्येक नागरिक, युवा और जनप्रतिनिधि से अपील करता हूँ कि प्रशासन और हमारी मातृशक्ति के इस भागीरथी प्रयास में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हों, पौधे लगाएं और उन्हें विशाल वटवृक्ष बनने तक सींचने का संकल्प लें। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस अभियान में जिले की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में चरणबद्ध तरीके से छायादार, फलदार और औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। इस पहल से जहाँ एक ओर जिले का हरित दायरा बढ़ेगा, वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण में यह मील का पत्थर साबित होगा।

## जिले के 126 गांवों में बनेंगे मुक्तिधाम शेड, विकसित भारत जीरामजी मिशन के तहत स्थल चिन्हांकन पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

> ■ मुक्तिधाम विहीन गांवों को मिलेगी प्राथमिकता, रोजगार सृजन के साथ फेंसिंग, पेयजल, शौचालय और सौंदर्यीकरण की भी होगी व्यवस्था





विकसीत भारत जीरामजी से जिला में कुल 126 मुक्तिधाम शेड का निर्माण होगा। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रलय द्वारा 01 जुलाई से पूरे देश में लागू की गई विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत जिला बालोद अंतर्गत बालोद में 10, डौण्डी में 32, डौण्डीलोहारा में 47, गुण्डरदेही में 9 और गुरूर में कुल 28 इस तरह कुल 126 ग्रामों में मुक्तिधाम शेड निर्माण हेतु स्थल का चिन्हांकन जिला बालोद कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक दिव्या उमेश मिश्रा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में किया गया है, यह ऐसे ग्राम है जहॉ वर्तमान में मुक्तिधाम का भवन उपलब्ध नही है।

विकसीत भारत जीरामजी के तहत मुक्तिधाम शेड निर्माण होने से ग्राम पंचायत सरपंचों में खुशी की लहर है, इसमे उन गांवों का प्राथमिकता दी जा रही है, जो कि मुक्तिधाम विहिन है और बरसात में दाह संस्कार में समस्या आ जाती है। कलेक्टर के द्वारा साथ ही सभी मुक्तिधाम में फेन्सिग, पानी एवं शौचालय निमार्ण करने के निर्देश दिये है इसे भी विकसीत भारत जीरामजी के वीबीपीपी प्लान में सम्मिलित करने का निर्देश दिया गया है।

इस योजना के अंतर्गत वित्तिय वर्ष में कुल 125 दिवस का रोजगार ग्रामीणों को प्रदाय किया जाना है इसकी पूर्ति इस कार्य से संभव हो पायेगी साथ अनेकों जल संरक्षण के कार्य लेने के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में यदि विकासखण्ड की बात करे, जनपद पंचायत गुरूर में कुल 5 मुक्तिधाम शेड का निर्माण किया जा चुका है। सभी कार्य स्थल पर 30 जूलाई को पौधारोपण किये जाने के निर्देश है, साथ ही उक्त स्थल का सौन्दर्यीकरण हेतु कार्य योजना तैयार कर 30 जूलाई को होने वाले ग्राम सभा में अनुमोदन कर कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला- बालोद (छ.ग.)
पारूल सैय्यद पिता-दानसिंह, जाति- हल्बा, उम्र 36 वर्ष कास्तकार ग्राम बिजोरा एवं नारगी प.ह.न. 35, रा.नि.मं. सम्बलपुर, तहसील डौण्डीलोहारा जिला-बालोद छ.ग., .......... शपथकर्ता
// शपथ पत्र //
मैं शपथकर्ता शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं -
1. यह कि शपथकर्ता का नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि शपथकर्ता का वास्तविक नाम पारूल सैय्यद है, जिसका उल्लेख शपथकर्ता के आधार कार्ड में अंकित है जो कि सत्य व सही है। किन्तु त्रुटिवश शपथकर्ता के राजस्व अभिलेख में चंचल दर्ज हो गया है। अतएव राजस्व अभिलेख में नाम सुधार किया जाना आवश्यक है के निमित्त सूचना प्रकाशन छ.ग. राजपत्र (गजट) में प्रकाशित कराने बाबत शपथ पत्र माननीय श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला बालोद छ.ग. के समक्ष आज दिनांक 17/07/2026 को शपथकर्ता द्वारा निष्पादित है।
3. यह कि शपथकर्ता के द्वारा शपथ पत्र में दी गई जानकारी सत्य है गलत पाये जाने पर पूरी जवाबदारी शपथकर्ता की होगी।
अस्तु शपथपत्र प्रस्तुत है।
शपथकर्ता–
पारूल सैय्यद
सत्यापन :–
मै शपथकर्ता सत्यनिष्ठा से सत्यापित करती हूं कि शपथपत्र की कंडिका 1 से लेकर 3 तक दी गई जानकारी सत्य व सही है। जिसे पढ़कर/ पढ़ाकर/ समझकर स्थान डौण्डीलोहारा में दिनांक 17/07/2026 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापन करती हूं।
सत्यापनकर्ता
पारूल सैय्यद

## अंडा में पेंशनरों की बैठक, समस्याओं के समाधान व संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज की तहसील शाखा गुण्डरदेही के तत्वावधान में ग्राम अंडा स्थित अटल चौक चंद्राकर भवन में पेंशनरों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अंडा क्षेत्र के 55 पेंशनरों ने भाग लेकर अपनी विभिन्न समस्याओं और पेंशन से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में डी.पी. चंद्राकर, जी.के. सुकतेल, पूर्णिमा चंद्राकर, मीना धीवर सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे। इस अवसर पर हरदेव लाल दिल्लीवार, गिरजाशंकर अग्निहोत्री, हरिवंश मिश्रा एवं चंद्राकर ने उपस्थित पेंशनरों को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, पेंशनरों के अधिकारों तथा आपसी सहयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यकारी अध्यक्ष अशोक साहू ने पेंशनरों के समक्ष आ रही विभिन्न कठिनाइयों पर चर्चा करते हुए उनके निराकरण के लिए आवश्यक सुझाव दिए। बैठक में मेघनाथ साहू, सागर वशी, सेवाराम सोनवानी, अशोक दिल्लीवार, अर्जुन मंडावी, शिव कुमार अंगारे, अरुण साहू सहित अन्य पेंशनर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बेणीराम सार्वा ने किया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बेलोदी महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाया

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम सिकोसा में कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। शासकीय नवीन महाविद्यालय, बेलोदी में कारगिल विजय दिवस श्रद्धा, सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार ने कारगिल युद्ध के वीर जवानों के अद्वितीय साहस, त्याग एवं राष्ट्र के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों को, देशभक्ति, अनुशासन तथा राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप कुमार देवांगन, राहुल उपाध्याय, प्रेमनारायण भंडारी, भूपेंद्र इसदा, —तिका रंगारी, आसो कँवर, युगल किशोर, कामेश साहू, नंदनी साहू प्रवीण तथा तुकेश्वर मंडावी सहित महाविद्यालय के छात्र—छात्रए उपस्थित थे। सभी ने कारगिल के अमर शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए उनके आदशोंर् पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### डौंडीलोहारा में आज होगा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का श्री गुरुपूजन उत्सव

**डौंडीलोहारा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, खंड डौंडीलोहारा द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला श्री गुरुपूजन उत्सव इस वर्ष 30 जुलाई गुरुवार को प्रातः 8:30 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, डौंडीलोहारा में आयोजित किया जाएगा। श्री गुरुपूजन उत्सव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख वार्षिक उत्सवों में से एक है। इस अवसर पर स्वयंसेवक गुरु पूजन कर राष्ट्र सेवा, संगठन एवं समाज के प्रति अपने समर्पण का संकल्प दोहराएंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत प्रचारक अभय राम जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं खंड संघचालक सियाराम शार्वा की भी विशेष उपस्थिति रहेगी। दोनों वरिष्ठ पदाधिकारी स्वयंसेवकों को राष्ट्र निर्माण, संगठन की कार्यपद्धति, गुरु परंपरा तथा सामाजिक उत्तरदायित्वों पर मार्गदर्शन देंगे। आयोजकों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों एवं आमंत्रित नागरिकों की सहभागिता अपेक्षित है। कार्यक्रम के माध्यम से गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के साथ ही राष्ट्रभक्ति, सेवा, संगठन और संस्कारों का संदेश दिया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, खंड डौंडीलोहारा ने सभी स्वयंसेवकों एवं आमंत्रित नागरिकों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर श्री गुरुपूजन उत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

### धारदार हथियार से हमला, गिरफ्तार

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड 8 वैशालीनगर निवासी आकाश मेश्राम रात को मोहल्ले में विवाद की आवाज सुनकर बाहर निकला। बाहर आने पर आरोपी सुपेला निवासी किशन निषाद उसकी पत्नी के साथ विवाद व गाली गलौज कर रहा था। पीड़ित बीच-बचाव कर समझाइश देने लगा। किशन ने उसे ही जान से मारने की धमकी दी। धारदार हथियार से पीड़ित के पेट एवं बाएं हाथ पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उपचार के लिए उसे अस्पताल पहुंचाया गया।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


## आयोजन : पंचकुंडीय महायज्ञ, दीक्षा एवं विद्यारंभ संस्कार के साथ गूंजा विश्व शांति का संदेश

# गुरु पूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ में आस्था का उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा में मंगलवार को गुरु पूर्णिमा (आषाढ़ पूर्णिमा) का पर्व श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में विश्व शांति, मानव में देवत्व के उदय तथा धरती पर स्वर्गीय वातावरण की स्थापना का संकल्प दोहराया गया। पूरे दिन शक्तिपीठ परिसर वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञ की पवित्र सुगंध और श्रद्धालुओं की आस्था से सराबोर रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ से हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण और सामाजिक सद्भाव की कामना की। इस अवसर पर पांच दीक्षा संस्कार एवं तीन विद्यारंभ संस्कार भी संपन्न कराए गए। दीक्षा संस्कार में सोनाली ग्वाल, वैशाली ग्वाल, रामदुलार डड़सेना, प्रभा सोनी तथा तुलाबाई डड़सेना शामिल हुए, जबकि विद्यारंभ संस्कार लावण्य साहू, आयांश देवांगन और आराध्य देवांगन का संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि आषाढ़ पूर्णिमा महर्षि वेदव्यास के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है। महर्षि वेदव्यास ने महाभारत, ब्रह्मसूत्र, श्रीमद्भागवत तथा अठारह पुराणों जैसे अमूल्य ग्रंथों की रचना कर भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा को अमर बनाया। गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और ज्ञान के प्रति समर्पण का पर्व है, जो भारतीय संस्कृति की अनमोल गुरु-शिष्य परंपरा का प्रतीक माना जाता है।

वक्ताओं ने कहा कि मानव जीवन में पांच गुरुओं का विशेष महत्व है—माता, धरती माता, पिता, शिक्षक और आध्यात्मिक गुरु। इन पांचों के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से ही व्यक्ति का जीवन सफल, संस्कारित और उद्देश्यपूर्ण बनता है। गायत्री परिवार के सदस्यों ने परम पूज्य पं. राम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी के प्रति श्रद्धा अर्पित करते हुए भारतीय संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में यह दृश्य विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहा कि अनेक परिवार अपने छोटे-छोटे बच्चों को भी यज्ञ में सहभागी बनाकर भारतीय संस्कृति और वैदिक परंपराओं से परिचित कराने पहुंचे। इस दौरान प्रस्तावित मां गायत्री मंदिर निर्माण के लिए श्रद्धालुओं ने स्वेच्छा से सहयोग राशि देने का संकल्प लिया। श्रद्धाभाव से प्रेरित होकर अनेक लोगों ने मंदिर निर्माण में आर्थिक सहयोग की घोषणा की। संपूर्ण यज्ञ एवं संस्कार देव प्रसाद आर्य, रेणुका गंजीर, सावित्री सोनी, नंदकिशोर पिस्दा, रानू ठाकुर एवं माहेश्वर राणा के मार्गदर्शन में संपन्न हुए। कार्यक्रम में व्यवस्थापक हीरालाल पवार, मुख्य ट्रस्टी हुलास कुमार देवांगन, ब्लॉक समन्वयक नंदकिशोर पिस्दा, विजेंद्र विश्वकर्मा, राजेंद्र कुमार ठाकुर, सोनसाय लटियारे, धर्मपाल नायक, डोमन यादव, संतोष कुमार कोराटिया, अर्चना देशमुख, रेणुका गंजीर, चंचलानी, नामदेव यादव, सुरेश देवांगन, चंपा साहू, हेमलता यादव, वीणा साहू, विमला साहू, मंजू साहू, सावित्री सोनी, उमा सोनी, दमयंती पवार, मधु पवार सहित गायत्री परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### भरनाभाट में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा



**डौंडीलोहारा।** श्री राधाकृष्ण सेवा संस्थान के तत्वावधान में ग्राम भरनाभाट में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु पादुका पूजन, दीप प्रज्ज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-यज्ञ के साथ हुआ। इसके पश्चात भजन-कीर्तन, गुरु वंदना एवं सत्संग का आयोजन किया गया।

संस्थान के संरक्षक एवं मुख्य वक्ता गुरूजी राजेश तिवारी (मानस किंकर) ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। गुरु ही अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं तथा मनुष्य को सत्य, सेवा, त्याग, प्रेम और मानवता का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं एवं गुरुजनों के सम्मान को जीवन में अपनाने तथा समाज सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। संस्थान के अध्यक्ष माहरू राम सिन्हा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण पर्व है, जो श्रद्धा, विश्वास और समर्पण की भावना को सुदृढ़ करता है। डॉ. कंवल सिन्हा ने कहा कि संस्थान धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक चेतना के प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। संगठन सचिव शिक्षक रविचंद सिन्हा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए संस्था के सेवा एवं संस्कार आधारित उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। वहीं सचिव बिसून मराठे ने गुरु के बताए मार्ग पर चलने को जीवन की सफलता का आधार बताया। सूरजभान साहू ने कहा कि गुरु का सान्निध्य व्यक्ति, परिवार और समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। कार्यक्रम के समापन पर गुरु आरती, प्रसाद वितरण एवं महाप्रसाद (भंडारा) का आयोजन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में संस्थान के पदाधिकारियों, सदस्यों, स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायक पहल बताया।

## आज से सावन, शिवालयों में गूंजेगा 'हर-हर महादेव'





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ कपिलेश्वर, जलेश्वर, ओनाकोना और भोलापठार सहित प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं

आज से सावन के पवित्र महीने का शुभारंभ हो रहा है। जिसकी तैयारियो में जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिरो के साथ जिलेवासी भी भगवान शंकर के पूजा अर्चना की तैयारियां प्रारंभ कर दी है। जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिरो में शामिल कपिले"वर महादेव मंदिर, जलेश्वर महादेव मंदिर, ओनाकोना मंदिर, भोलापठार मंदिर में स्थित शिव मंदिर के साथ जिले के विभिन्न जगहो में स्थित शिव मंदिरो में दर्शन के लिए पहुंचने वाले शिव भक्तो के लिए सुगम दर्शन व जलाभिशेक की तैयारियां की जा रही है। सावन के पवित्र महीने के आरंभ होने के पहले ही जिले में स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिरो से लेकर स्थानीय स्तर पर विराजमान किए गए शिव मंदिरो में साफ सफाई व मंदिरो का रंग रोगन का कार्य संपन्न हो चुका है। जिसके तहत मंदिरो में रंग रोगन के साथ मंदिरो को लाईटिंग से जगमग करने का कार्य भी किया गया है। जहां शिव मंदिरो में पहुंचने वाले भक्तो को भगवान शंकर के दर्शन के साथ शिवलिंग में जलाभिशेक के साथ पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना की व्यवस्था की गई है। जहां पवित्र सावन सोमवार प्रारंभ होने के साथ ही सावन सोमवार व्रत भी प्रारंभ हो जाती है।

## विकसित भारत जीरामजी के 39,792 महिलाएं श्रमिक आज करेंगे पौधारोपण

### कलेक्टर के निर्देश पर वृहद पौधारोपण अभियान की तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज. डौंडीलोहारा/गुरुर





डौंडीलोहारा विकास खंड क्षेत्रफल की दृष्टि से काफी बड़ा है जिसमें 120 ग्राम पंचायत के 205 गांव में एक साथ पौधा रोपण का कार्य 30 जुलाई को किया जायेगा।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के दिशा निर्देश व जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 30 जुलाई को डौण्डीलोहारा विकास खण्ड में वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान में विकसित भारत जी रामजी के अंतर्गत कार्यरत 39,792 महिला श्रमिक एक साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगी। यह विशेष अभियान प्रदेश में हरित विकास, जलवायु संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित स्थलों पर बड़ी संख्या में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाएगा तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखरेख का भी संकल्प लिया जाएगा। विकासखंड डौण्डीलोहारा के सभी ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्व-सहायता समूहों एवं ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता से यह अभियान जनआंदोलन का स्वरूप ग्रहण करेगा। महिला श्रमिकों की उल्लेखनीय भागीदारी ग्रामीण आजीविका एवं पर्यावरण संरक्षण के समन्वित प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगी। प्रशासन ने समस्त संबंधित विभागों एवं ग्राम पंचायतों को कार्यक्रम की सफल एवं सुव्यवस्थित क्रियान्वयन हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए है। साथ ही आम नागरिकों से भी अधिकाधिक संख्या में इस अभियान से जुड़कर पौधारोपण एवं पौधों के संरक्षण में सहभागी बनने की अपील की गई है। जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नारायण बंजारा ने सभी ग्राम पंचायतों में पौधों की उपलब्धता, खाद मिट्टी की व्यवस्था देखने लगातार तकनीकी सहायकों, ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया है। सीईओ बंजारा ने तेज बारिश के बावजूद दिन भर ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण करते रहे। सीईओ बंजारा आम नागरिकों को अपील करते हुए कहा है कि इस अभियान को सफल बनाने सभी कम से कम एक पौधा अवश्य रूप लगाएं।

## लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, नदी-नाले उफान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





क्षेत्र में पिछले कई दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार वर्षा के कारण नदी-नाले उफान पर हैं और कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों का दैनिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। लगातार हो रही बारिश से लोगों को घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है, वहीं आवश्यक कार्यों के लिए भी आवागमन बाधित हो गया है।

बारिश के कारण कई संपर्क मार्गों पर पानी भर गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का मुख्यालय से संपर्क प्रभावित हुआ है। कई छोटे पुल और रपटे पानी में डूब जाने से लोगों को जोखिम उठाकर आवागमन करना पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा लोगों से नदी-नालों को पार नहीं करने की अपील की जा रही है, फिर भी आवश्यक कार्यों के चलते कई लोग जान जोखिम में डालने को मजबूर हैं। लगातार हो रही वर्षा का असर शिक्षा व्यवस्था पर भी साफ दिखाई दे रहा है। स्कूली बच्चों को विद्यालय पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई अभिभावक सुरक्षा की दृष्टि से बच्चों को स्कूल भेजने से परहेज कर रहे हैं। वहीं विद्यालयों में भी विद्यार्थियों की उपस्थिति सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम रही।

**आगे भी बारिश के आसार, प्रशासन से सुरक्षा इंतजाम की मांग:** क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से जलभराव वाले क्षेत्रों की निगरानी, क्षतिग्रस्त मार्गों की शीघ्र मरम्मत तथा आपदा संभावित क्षेत्रों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। यदि लगातार बारिश का सिलसिला इसी तरह जारी रहा तो जनजीवन पर इसका असर और अधिक गहरा पड़ सकता है।

### जलभराव से कृषि कार्य ठप किसानों की बढ़ी चिंता

कृषि क्षेत्र में भी अत्यधिक वर्षा चिंता का विषय बन गई है। किसानों का कहना है कि शुरुआती बारिश खेती के लिए लाभदायक होती है, लेकिन लगातार कई दिनों तक होने वाली भारी वर्षा से खेतों में पानी भर गया है। इससे धान सहित अन्य खरीफ फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। खेतों में जलभराव होने से कृषि कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं और किसान मौसम सामान्य होने का इंतजार कर रहे हैं। बारिश का असर स्थानीय व्यापार पर भी पड़ा है। बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही कम होने से व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हुआ है। छोटे दुकानदारों और ठेला व्यवसायियों को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति भी प्रभावित होने से लोगों की परेशानियां और बढ़ गई हैं।मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में भी बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे लोगों की चिंता बनी हुई है।

## स्वच्छता के दावों की खुली पोलः शौचालय होने के बावजूद कलंगपुर के पारधी पारा में खुले में शौच

**बालोद/कलंगपुर।** स्वच्छता के तहत प्रत्येक घरों पर शौचालय निर्माण होने के बावजूद ग्राम कलंगपुर के पारधी पारा के लोग आज भी खुले में शौच जा रहें हैं।

स्थानीय पारधी पारा मुख्य सड़क किनारे बसे होने के कारण यहां के लोग सड़कों के किनारे या फिर सिंचाई नालियों के किनारे खुलें में शौच करते हैं, जिससे इस मार्ग पर चलने वाले राहगीरों एवं खेतों के कार्य पर जाने वाले लोग जो नाली मार्ग से होकर चलते हैं उन लोगों को बड़ी परेशानी होती है। जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत कलंगपुर के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान व शासन की योजना के तहत प्रत्येक घरों में शौचालय निर्माण किया गया है और जिन लोगों के घरों में शौचालय निर्माण के लिए जगह नहीं था। जिसमें पारधी पारा के लगभग 13 परिवार के लिए गांव के पुरैना तालाब के पार में ग्राम पंचायत के द्वारा शौचालय निर्माण कराया गया था जो कि उस शौचालय का आज तक उपयोग ही नहीं हुआ और वर्तमान में वह शौचालय गुणवत्ता हीन होने की वजह से धराशायी होने को है। इसी तरह बस स्टैंड के समीप सांसद निधि की 5 लाख रुपए की लागत से सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निर्माण ग्राम पंचायत कलंगपुर द्वारा कराया गया था। लेकिन वहां सुविधाएं नहीं होने की वजह से उस शौचालय का उपयोग ही नहीं हुआ और आज वह भी वर्तमान में खंडहर में तब्दील होने को है। देखा जा रहा है कि इस ग्राम में शौचालय के नाम पर शासन की लाखों रुपए दुरुपयोग किया गया है।

## जेवरतला में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेले में 297 मरीजों का उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



आयुष विभाग के तत्वाधान एवं जिला आयुष अधिकारी के निर्देशन में सांस्कृतिक कला मंच ग्राम जेवरतला विकासखंड गुरुर जिला बालोद में एक दिवसीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमे मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू थी। अध्यक्षता सभापति संचार संकर्म एवं निर्माण समिति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने किया। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत जेवरतला लिलेश्वरी साहू, सहसंयोजक शक्ति केंद्र मोहारा नीलकंठ कुबेर एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थित में संपन्न हुआ। शिविर में आयुष विभाग के आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के द्वारा ग्रामीण जनों को निःशुल्क जांच एवं औषधि वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शिविर में निःशुल्क नेत्र जांच एवं रक्त जांच की सुविधा प्रदान की गई। मुख्य अतिथि लक्ष्मी अशोक साहू ने विदेशी दवाइयों की बजाय स्वदेशी आयुर्वेद की दवाई का उपयोग करने के लिए ग्राम वासियों को प्रेरित किया एवं सभी ग्रामीणों को प्रतिदिन योग का अभ्यास करने के लिए आग्रह किया। अतिथि डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा आयुर्वेद को रोग को जड़ से नष्ट करने वाले चिकित्सा पद्धति कहा और साथ ही आयुर्वेद में किसी भी प्रकार के साइड इफेक्ट न होने की बात को ग्रामीणों को गंभीरता से बताया एवं ग्रामीणों को रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। सरपंच ग्राम जेवरतला लिलेश्वरी साहू ने समस्त ग्राम वासियों को आयुष स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने के लिए आग्रह किया। शिविर में आए लगभग 250 से 300 लोगों को निःशुल्क आयुष क्वाथ का वितरण किया गया। शिविर में आए अतिथियों के द्वारा 30 ग्रामीण बच्चों का स्वर्ण प्राशन किया गया। शिविर की समाप्ति तक 211 मरजो को आयुर्वेद से, 86 मरीज़ को होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से उपचारित कर निशुल्क औषधि प्रदान किया गया। शिविर में कुल नेत्र जांच की संख्या 29 रही, कुल रक्त जांच की संख्या 40 रही। शिविर प्रभारी डॉक्टर ऋषि कुमार नेताम ने बताया कि इस शिविर में आयुष विभाग के डॉ सुखनंदन बंजारे, डॉ कमलेश कुमार वर्मा, डॉ शैलेंद्र कुमार स्वर्णकार, डॉ गुरु दयाल साहू, डॉ किरण साहू डॉ मुस्कान, डॉ केशु साहू आयुष चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ अरविंद कुमार ठाकुर, अरुण कुमार देशमुख, टेमन साहू, नरेश कुमार भूआर्य अस्वत सिंह साहू, किरण साहू बुढार सिंह सुधाकर, नीलकमल टंडन और रोशन लाल सेवाएं दी।


जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े
कानों की रिशेपिंग

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411